# टीएल प्रकरणों की पेंडेंसी न रखें : कलेक्टर

## समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक



**मंडला, देशबन्धु।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीएल प्रकरणों की पेंडेंसी न रखें। सभी प्रकरणों का समय पर निराकरण करते हुए उन्हें क्लीयर कराएं। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर समुचित कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने उच्च न्यायालय के अवमानना तथा डब्ल्यूपी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि डब्ल्यूपी के समस्त प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करें। अवमानना के प्रत्येक प्रकरण पर संबंधित विभाग कम्पलायंस कर न्यायालय को जवाब प्रस्तुत करें। ई-ऑफिस प्रणाली के विषय में उन्होंने कहा कि अभी तक इस कार्य में संतोषजनक तेजी नहीं आई है। आगामी एक अप्रैल से समस्त प्रकार की फाईलें ऑनलाईन ही स्वीकार की जाएंगी, इसलिए समस्त विभाग अधिकारी इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। नस्तियों के डिजिटाईजेशन के संबंध में स्केनिंग आदि की प्रक्रिया पूर्ण कर रखें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 20 मार्च को जारी रैंकिंग में इस बार जिला टॉप 10 से बाहर रहा है, यह निराशाजनक है।

जिन विभागों की विभागीय ग्रेडिंग सी और डी श्रेणी में रही है, उनके विभाग प्रमुख विशेष ध्यान दें। बैठक के दौरान आयुष्मान कार्ड, उपार्जन, किसान पंजीयन, किसान सत्यापन, स्वच्छता सर्वेक्षण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम सहित विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडला में 'हम साथ-साथ हैं' डुएट स्पेशल संगीत संध्या का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार संगीतमय संध्या का आयोजन मंडला संगीत सरिता ग्रुप द्वारा झंकार भवन में किया गया। इस विशेष संगीतमय प्रस्तुति का नाम ''हम साथ-साथ हैं - डुएट स्पेशल संगीत संध्या'' रखा गया, जिसमें 40 से अधिक युगल गीतों (डुएट) की मोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवीण रंजन चौधरी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय बॉलीवुड, क्लासिकल और रोमांटिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। गायकों की सुरीली आवाज और मधुर धुनों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति के साथ माहौल और भी संगीतमय होता चला गया।

# नि:शुल्क कैंसर शिविर आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** योगीराज अस्पताल मंडला एवम् बाल्को रिसर्च सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक नि:शुल्क कैंसर जाँच एवम् परामर्श चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 25 मार्च दिन मंगलवार को आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक रहेगा।

यह स्वास्थ्य शिविर योगीराज अस्पताल मंडला में आयोजित किया जाएगा जो मंडला मप्र के यॉगिराज स्वामी सीतारामदास जी महाराज हनुमान घाट आश्रम ट्रस्ट और शिवम् हेल्थ एवम् सोशल फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी जो मंडला जिले के अलावा आसपास के डिंडोरी सिवनी और बालाघाट जिलों के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को कैंसर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए उचित परामर्श और आवश्यकतानुसार इलाज उपलब्ध कराएगी। योगीराज अस्पताल में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित होते रहे है उसी श्रृंखला में कैंसर कैम्प आयोजित है , जो मुख के कैंसर, महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स व गर्भाशय व अन्य सभी प्रकार के कैंसर के मरीज परामर्श ले सकते है। स्वास्थ्य के प्रति सजगता जागरूकता बढ़ाने का अवसर हेतु परामर्श एवं चिकित्सा उपलब्ध कराया जाएगा।

यह शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर इलाज पाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान समय पर हो जाने से इलाज सरल और प्रभावी हो सकता है। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराना है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके! विशेष निर्देश शिविर में आने वाले केंसर के सभी मरीजों को आधार कार्ड, बी.पी.एल. कार्ड, आयुष्मान कार्ड, या किसी अन्य सरकारी प्रमाणपत्र के साथ आना होगा।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में 100 वेटेज से सम्मानित

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्राचार्य आईटीआई श्री केएस बरकड़े को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में 96.24 वेटेज स्कोर के लिए सम्मानित

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में वित्त विभाग के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री सुजय कुमार को 96.24 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सांसद कुलस्ते के सुझाव पर रेल विस्तार की कार्रवाई प्रारंभ

**मंडला, देशबन्धु।** संसद सदस्यों के मण्डल स्तर समिति की बैठक में क्षेत्राधिकार से संबंधित रेल समस्याओं मांगों एवं सुझावों की जानकारी का विस्तृत विवरण मण्डल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के द्वारा मांगा गया है ताकि रेल विस्तार की कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। मण्डला सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने रेल विस्तार के लिए विभिन्न सुझाव मण्डल स्तर की बैठक में दिये थे साथ ही डीआरएम द्वारा विस्तृत चाहे गयी जानकारी सांसद कार्यालय से आग्रह पूर्वक मांगी गयी जिसमें छिंदवाड़ा इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक किया जाये। जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक किया जाये। ओवरनाईट एक्सप्रेस का विस्तार मण्डला फोर्ट तक तथा छिंदवाड़ा नैनपुर में चल रही वर्तमान पेंसेजर गाड़ियों की संख्या में वृद्धि कर एक गाड़ी दोपहर और एक गाड़ी रात्रि में चलाई जाये। जबलपुर-चंद्रपुर एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिन चल रही है उसे सप्ताह के शेष दिन जबलपुर-नैनपुर-बिलासपुर तक चलाई जाये। नैनपुर नगर के रेल फाटक में ओवरब्रिज का निर्माण किया जाये साथ ही नैनपुर रेलवे स्टेशन एवं मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन में पिट लाईन की व्यवस्था की जाये। रेलवे विभाग को दिये गये सुझाव एंव मांगो के अनुरूप रेल विस्तार की कार्यवाही प्रारंभ हुई है। हाल ही में नैनपुर जंक्शन में पिट लाईन निर्माण की व्यवस्था हेतु विभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण किया है। उपरोक्त सभी मांगों और सुझाव पर शीघ्र ही अमल किया जायेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी कराएं : कलेक्टर



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि आगामी 30 मार्च से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए आवश्यक तैयारियाँ करें। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी जल स्त्रोतों के संरक्षण, सफाई आदि के लिए स्थान चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में खेत तालाब बनाने के साथ-साथ अन्य जल संवर्धन के कार्य किए जाने हैं। खेत तालाब बनाए जाने का उद्देश्य न सिर्फ कृषकों को सिचाई की सुविधा उपलब्ध कराना है वरन यह भू-जल संवर्धन के लिए भी अच्छी गतिविधि है। समस्त सीईओ जनपद पंचायत आगामी ग्रीष्मकाल में इन तालाबों का निर्माण सुनिश्चित कराएं जिससे आने वाले वर्षाकाल में अधिक से अधिक जल इकट्ठा हो सके। खेत तालाबों के माध्यम से आजीविका के वैकल्पिक साधनों जैसे मत्स्यपालन आदि को भी प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

# शराब के सेवन को अपनी संस्कृति और परंपरा समझाना है गलत



**मंडला, देशबन्धु।** नशे की लत से हमारी जमीन बिक गई शरीर कमजोर हो गया लड़ाई झगड़े से संबंध खराब हुए कई बार अपमानित होना पड़ा, आर्थिक व मानसिक स्थिति कमजोर हो गई जिससे हम शिक्षा के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। हमारे समाज में शराब नहीं चलती थी यह हमारे ऊपर थोक दी गई है और हम विभिन्न आयोजनों में शराब के सेवन को अपनी परंपरा व संस्कृति समझ रहे हैं। जो हमें गर्त में ले जा रही है। उक्त बातें ग्राम पंचायत बोरिया के पोषक ग्राम बाजा में आयोजित आदिवासी समाज की विशाल चौपाल में जागरूक लोगों द्वारा कही गई। उक्त चौपाल का आयोजन यहां की सरपंच सुषमा मरावी एवं उनके पति पूर्व सरपंच उमाकांत मरावी की अगुवाई में संपन्न हुई। चौपाल में निर्णय लिया गया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति शराब बनाकर विक्रय नहीं करेगा शराब बनाने वाले व पीने वालों से अर्थ दंड लेने की बात कही गई है, इस अवसर पर चौपाल की अध्यक्षता कर रहे गणेश प्रसाद उईके, बालाघाट से पधारे जयपाल धूमकेतु, तुलसीराम मसराम 35 वी बटालियन के कमांडेंट इंदर सिंह परस्ते एवं क्षेत्रीय सामाजिक जागरूक गण हरेंद्र मसराम सुमारू लाल परते, मुरारी लाल मरावी, पुरुषोत्तम कोकड़िया आदि के द्वारा उद्बोधन दिया गया इस दौरान कहा गया कि शराब बनाकर विक्रय करने का धंधा उचित नहीं है।

## परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

**मंडला, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा छटवी में प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड किये जा चुके हैं। संबंधित परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाईट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# पहलवानों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम किया रोशन



**मप्र केसरी 2025 : एक लाख 71 हजार की इनामी राशि के साथ स्पर्धा आयोजित**

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश केसरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 की तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 23 मार्च को हुआ, जिसमें प्रदेश के 20 जिलो से एक से बढ़ कर एक पहलवान इस प्रतियोगिता में लगभग 240 पहलवानों महिला एवं पुरुष के बीच शानदार स्पर्धा देखी गई एवं समस्त पहलवानो ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देकर अपने जिलों का नाम रोशन किया। मध्यप्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित एवं नगर पालिका अध्यक्ष व भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला प्रशासन , सूर्यकुण्ड धाम समिति के विशेष सहयोग से इस भव्य तीन दिवसीय भव्य दिव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह शाम विभिन्न भार वर्गों में चेम्पियनशिप कुश्ती हुई जो देर रात तक जारी रही।

**कार्यक्रम का शुभारंभ** - मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके, मध्यप्रदेश जनजातीय मंत्रणा परिषद के सदस्य डॉ. रूपनारायण मांडवे, पूर्व विधायक मंडला देव सिंह सैयाम, मण्डला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया के करकमलों से हुआ।

**पहलवान के मुकाबले पर नजर मध्यप्रदेश**- भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय स्पर्धा में मध्यप्रदेश केसरी का खिताब के विजेता ग्वालियर जिले के आकाश यादव व उपविजेता ग्वालियर जिले के फराज हुसैन बने इस साथ ही विभिन्न भार पुरूष वर्गों में 32 किलोग्राम की कुश्ती में प्रथम विजेता परिवेश मंडला, द्वितीय दिव्यांश बेन जबलपुर,तृतीय विशाल उइके मंडला, 36 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता राजवीर यादव जबलपुर, द्वितीय विजेता गौरव डिंडोरी, तृतीय विजेता अर्पित चक्रवर्ती कटनी, 40 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता निहाल वंशकार जबलपुर, द्वितीय विजेता साहिल बेन जबलपुर, तृतीय विजेता नंदकिशोर सीहोर, 44 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता कमलजीत डिंडोरी, द्वितीय विजेता सागर चौधरी मंडला, तृतीय विजेता नकुल छिंदवाड़ा, 48 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता राधेमोहन कटनी, द्वितीय विजेता अखिल श्रीपाल धार, तृतीय विजेता शिवराम कटनी, 55 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता अजय प्रताप ग्वालियर, द्वितीय विजेता धरम कटनी, तृतीय विजेता आलोक प्रजापति सीहोर, 60 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता शिवम कौरव ग्वालियर, द्वितीय विजेता आयुष जबलपुर, तृतीय विजेता चौनकुमार सिवनी, 65 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता ललित इंदौर, द्वितीय विजेता मुरारी छिंदवाड़, तृतीय विजेता रोहित केवट इंदौर जिले से, 70 किलोग्राम कुश्ती में प्रथम विजेता यशपाल इंदौर रहे।






## सामान्य सभा की बैठक 26 मार्च को

**मंडला, देशबन्धु।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की अध्यक्षता में 26 मार्च दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत मंडला के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने उक्त बैठक में सभी पदाधिकारियों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।